भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

का प्रतिवेदन

मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए

संघ सरकार

(राजस्व विभाग - सीमा शुल्क)

(अनुपालन लेखापरीक्षा)

2019 की संख्या 17

.....को लोक सभा तथा राज्य सभा के पटल पर प्रस्तुत

विषय-सूची

	अध्याय	पैरा सं.	पृष्ठ
प्राक्कथन			***i***
कार्यकारी सार			***iii***
शब्दावली			***xiii***
अवलोकन - सीमा शुल्क राजस्व	***I***	**1.1 से 1.12.2**	**1**
नियंत्रक और महालेखापरीक्षक का लेखापरीक्षा अधिदेश और लेखापरीक्षा की सीमा	***II***	**2.1 से 2.7.1**	**13**
आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क (एडीडी) के उद्ग्रहण पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा	***III***	**3.1 से 3.6**	**19**
सीमा शुल्क अधिनियम, सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम और टैरिफ अधिसूचनाओं के प्रावधानों का अननुपालन	***IV***	**4.1 से 4.11**	**37**
विदेश व्यापार नीति की विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के प्रावधानों का अननुपालन	***V***	**5.1 से 5.5**	**61**
सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (एसईईपीजेड), विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), प्राधिकरण द्वारा प्रमुख निर्माण कार्य प्रदान करने में अनियमितताएं	***VI***	**6.1 से 6.3**	**85**
अनुलग्नक			**93**

प्राक्कथन

मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए यह रिपोर्ट भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार की गई है।

रिपोर्ट में वित्त मंत्रालय के अधीन राजस्व विभाग सीमा शुल्क तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन महानिदेशक विदेश व्यापार की अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं।

सरकार ने व्यापक, कागज रहित, पूरी तरह से स्वचालित सीमा शुल्क निकास प्रणाली तैयार करने और इलेक्ट्रॉनिक डेटा के रूप में लेन-देन की जानकारी की उपलब्धता के लिए भारतीय सीमा शुल्क ईडीआई सिस्टम (आईसीईएस) में महत्वपूर्ण निवेश किया है। यह लेखापरीक्षा को कुछ स्थानों पर लेन देन की नमूना लेखापरीक्षा की अपेक्षा सौ फीसदी डेटा की समीक्षा करने और सभी सीमा शुल्क आयुक्तों पर कर कानूनों के लागू करने की सटीकता पर सरकार और संसद को उच्च स्तरीय आश्वासन प्रदान करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है। पूर्ण डेटा की उपलब्धता लेन-देन की नमूना जांच के लिए सीमा शुल्क परिसर में लेखापरीक्षा की प्रत्यक्ष जांच की आवश्यकता को भी कम करती है। तथापि, चूंकि विभाग अखिल भारतीय लेन-देन के लिए पूर्ण और समय पर डेटा प्रदान करने में असमर्थ था, इसलिए 67 में से 38 सीमा शुल्क कमिश्नरियों में प्रत्यक्ष रूप से लेखापरीक्षा की गई थी।

इस रिपोर्ट में उल्लेखित वे दृष्टान्त हैं, जो 2017-18 की अवधि के लिए नमूना लेखापरीक्षा के दौरान ध्यान में आए और साथ ही जो पहले के वर्षों में ध्यान में आए थे, लेकिन पिछले लेखापरीक्षा रिपोर्ट में दर्शाये नहीं जा सके थे। 2017-18 के बाद की अवधि से संबंधित दृष्टान्तों को भी, जहाँ भी आवश्यक हो, शामिल किया गया है।

यह लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षण मानकों के अनुरूप की गई है।

कार्यकारी सार

भारत में सामान आयात किये जाने और भारत से बाहर कतिपय सामान के निर्यात किये जाने पर (संविधान की सांतवीं अनुसूची की सूची 1 की एंट्री 83) सीमा शुल्क उद्ग्रहित किया जाता है। सीमा शुल्क प्राप्तियां सरकार के अप्रत्यक्ष कर राजस्व का भाग होती हैं।

सीमा शुल्क की ड्यूटी सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के अंतर्गत उद्ग्रहित की जाती हैं और ड्यूटी की दरें सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम और समय-समय पर जारी की गई अधिसूचनाओं के अंतर्गत नियंत्रित की जाती हैं।

माल और सेवा कर (जीएसटी) के लागू किये जाने से पहले सीमा शुल्क प्राप्तियों में मूल सीमा शुल्क (बीसीडी), प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) और सीमा शुल्क की विशिष्ट अतिरिक्त ड्यूटी (एसएडी) शामिल होते थे। 1 जुलाई 2017 से जीएसटी के लागू किये जाने के बाद, पैट्रोलियम उत्पादों और स्पिरिट को छोड़कर सभी वस्तुओं के आयात पर सीवीडी और एसएडी को सम्मिलित कर दिया गया है और इसके स्थान पर एकीकृत कर (आईजीएसटी) लागू कर दिया गया है।

वित्त मंत्रालय के अधीन राजस्व विभाग केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के अंतर्गत गठित दो सांविधिक बोर्ड नामत: केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष संघीय कर के प्रशासन हेतु उत्तरदायी है।

पूरे देश में 67 सीमा शुल्क कमिश्नरियों द्वारा सीबीआईसी द्वारा सीमा शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण तथा सीमा-पार निवारक कार्य किये जाते हैं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन वाणिज्य विभाग विदेश व्यापार के महानिदेशक (डीजीएफटी) के माध्यम से विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) को प्रतिपादित, कार्यान्वित और मॉनीटर किया जाता है जो निर्यात और व्यापार बढ़ाने के लिए अनुपालन की जाने वाली नीति और कार्यनीति का आधारभूत प्रारूप प्रदान करती है।

2017-18 के दौरान, ₹ 19.57 लाख करोड़ मूल्य का निर्यात (74,67,821 लेन-देन) और ₹ 30.01 लाख करोड़ मूल्य का आयात (46,04,315 लेन-देन) किया गया। वि.व. 2017-18 के दौरान, जीडीपी अनुपात के प्रति सीमा शुल्क प्राप्तियां 0.76 *प्रतिशत* थी जबकि निवल कर प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां 6.7 *प्रतिशत* थीं। अप्रत्यक्ष करों की प्रतिशतता के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां 14 *प्रतिशत* थीं।

सीमा शुल्क राजस्व की अनुपालना लेखापरीक्षा में सीमा शुल्क ड्यूटी का उद्ग्रहण और संग्रहण, सीमा शुल्क के अन्य कोई उद्ग्रहण, विदेश व्यापार नीति और समय-समय पर लेखापरीक्षा द्वारा समीक्षा किये गये विशिष्ट अनुपालना क्षेत्रों के अंतर्गत लागू की गई विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किये गये आयात और निर्यात के लेन-देन शामिल होते हैं। इस वर्ष की अनुपालना लेखापरीक्षा में एंटी-डंपिंग ड्यूटी के प्रशासन और संग्रहण की समीक्षा की गई थी। इस रिपोर्ट में कवर किये गये लेन-देन वित्तीय वर्ष 2018 से संबंधित है परन्तु कुछ मामलों में अवधि पूर्व लेन-देनों की समग्र स्थिति प्राप्त करने के लिए भी समीक्षा की गई है।

23 जोनों के अंतर्गत कुल 67 सीमा शुल्क कमिश्नरियों में से 38 को नमूना जांच के लिए चयनित कमिश्नरियों के नमूने में शामिल किया गया। हमने लेखापरीक्षा के लिए चयनित सीमा शुल्क कमिश्नरियों के अधीन कार्यरत 142 निर्धारण प्रभारों और 90 गैर-निर्धारण प्रभारों की लेखापरीक्षा की। लेखापरीक्षा कस्टम हाऊस सर्विस सेंटर या वेब आधारित आईसगेट द्वारा भारतीय सीमा शुल्क इडीआई प्रणाली (आईसीईएस) में इलैक्ट्रॉनिक रूप से फाईल किये गये बिल ऑफ एंट्री (बीई) और शिपिंग बिलों (एसबी) की जांच पर आधारित थी। गैर-ईडीआई कस्टम स्थानों पर, बीई और एसबी को मूर्त रूप से फाईल किया जाता है और निर्धारण किया जाता है। आईसीईएस स्वचालित चरणों की श्रृंखला द्वारा डेटा को प्रसंस्कृत करने के लिए रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम (आरएमएस) का प्रयोग करती है और इसके परिणामस्वरूप इलैक्ट्रानिक निर्धारण किया जाता है। यह निर्धारण सुनिश्चित करता है कि क्या बिल ऑफ एंट्री पर कार्यवाही की जाएगी अर्थात निर्धारण अधिकारी द्वारा मैन्यूल मूल्यांकन या माल की जांच या दोनों या शुल्क के भुगतान के बाद भेज दिया

जाए और बिना किसी निर्धारण और जांच के प्रत्यक्ष रूप से निकासी कर दी जाए। हमने आरएमएस और मैन्यूल मूल्यांकन प्रणाली दोनों द्वारा संसाधित बीई और एसबी की लेखापरीक्षा की।

एफटीपी की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाइसेंस फाईलों की नमूना जांच द्वारा डीजीएफटी के अधीन 37 क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों में विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत प्रदत्त प्रोत्साहन की लेखापरीक्षा की गई थी।

यह रिपोर्ट छः अध्यायों में बंटी हुई है। अध्याय । राजस्व विभाग और वाणिज्य विभाग के कार्यों का संक्षिप्त विवरण तथा सीमा शुल्क प्राप्तियों, व्यापार शेष, सीमा शुल्क पर कर प्रोत्साहन के राजस्व प्रभाव, सीमा शुल्क प्राप्तियों के बकाया और विभाग की आंतरिक लेखापरीक्षा के परिणामों के संबंध में उच्च स्तरीय सांख्यिकीय सूचना का विहंगावलोकन प्रस्तुत करता है। अध्याय ।। सीएजी का लेखापरीक्षा अधिदेश, कार्यक्षेत्र और लेखापरीक्षा प्रयासों के परिणामों का वर्णन करता है। अध्याय ।।।, ।V, V और V। में महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्ष शामिल किये गये हैं। इस रिपोर्ट में ₹ 4795 करोड़ के राजस्व महत्व के 92 पैराग्राफ हैं। ₹ 368 करोड़ के धन मूल्य सहित 79 पैराग्राफ में; कारण बताओ नोटिस जारी करने, कारण बताओ नोटिस पर निर्णय करने के रूप में विभाग/मंत्रालय द्वारा सुधारात्मक कार्रवाई की गई है और ₹ 18 करोड़ की वसूली अभी तक की जा चुकी है।

वाणिज्य विभाग और राजस्व विभाग से प्राप्त उत्तर को यथास्थान शामिल किया गया हैं।

अध्याय ।: विहंगावलोकन- सीमा शुल्क राजस्व

- 1 जुलाई 2017 को जीएसटी के लागू किये जाने के बाद, सीवीडी और एसएडी को सम्मिलित किया गया है और इसके स्थान पर एकीकृत कर (आईजीएसटी) को लागू किया गया है। एकीकृत कर सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम के अनुसार उद्ग्रहित किये जाने वाले लागू बीसीडी के अतिरिक्त है। इसके अतिरिक्त, माल और सेवा कर (राज्यों की क्षतिपूर्ति) उपकर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत विशिष्ट विलासिता और डीमेरिट वस्तु पर भी जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर उद्ग्राहय है। शिक्षा उपकर के साथ-

साथ एंटी-डंपिंग ड्यूटी और सेफगार्ड ड्यूटी का उद्ग्रहण परिवर्तित नहीं हुआ है।

{पैराग्राफ 1.4.1 और 1.4.2}

- 2016-17 में वसूल किए गए ₹ 2,25,000 करोड़ के सीमा शुल्क प्राप्ति के सापेक्ष 2017-18 के दौरान ₹ 1,29,030 करोड़ की ही वसूली की जा सकी। वि.व. 18 के दौरान सीमा शुल्क प्राप्तियों में कमी के कारणों में से एक कारण यह हो सकता है कि जीएसटी व्यवस्था में प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) और विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क (एसएडी) को आईजीएसटी में सम्मिलित किया गया है। इसलिए, सीमा शुल्क प्राप्तियों में मुख्यत: मूल सीमा शुल्क ड्यूटी शामिल है।

{पैराग्राफ 1.6}

- आयात में 16.44 *प्रतिशत* की वृद्धि दर्ज की गई थी जबकि उसी अवधि में ही निर्यात में 5.62 *प्रतिशत* की वृद्धि दर्ज की गई थी।

{पैराग्राफ 1.7}

अध्याय II: नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का लेखापरीक्षा अधिदेश और लेखापरीक्षा की सीमा

- वि.व. 18 के दौरान, लेखापरीक्षा ने 2715 आपत्तियों और ₹ 1363 करोड़ के राजस्व निहितार्थ सहित संबंधित कमिश्नरियों/क्षेत्रीय लाइसैंसिंग प्राधिकरणों को 479 निरीक्षण रिपोर्ट जारी की। इन लेखापरीक्षा आपत्तियों में से वि.व. 18 के दौरान पाये गये ₹ 590 करोड़ के राजस्व निहितार्थ वाली 91 लेखापरीक्षा आपत्तियों को इस रिपोर्ट में शामिल किया गया है। शेष मामलों पर संबंधित क्षेत्रीय स्थापनाओं द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षाओं के दौरान लगातार देखी गई निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के लाइसेंस धारकों द्वारा निर्यात बाध्यताओं को पूरा न करने के संबंध में सतत अनियमितताओं के कारण ₹ 4205 करोड़ के धन मूल्य सहित एक बड़ा पैराग्राफ भी इस रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

{पैराग्राफ 2.6.1 और 2.6.2}

- इन वर्षों में, लेखापरीक्षा में निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं जैसे अग्रिम प्राधिकरण और ईपीसीजी के लाइसेंसधारकों द्वारा निर्दिष्ट निर्यात

बाध्यताएं पूरे न करने के सतत मामले पाये गये है। एकल समय अवधि के प्रयोग के रूप में, 22[1] आरएलए और 5 सीमा शुल्क कमिश्नरियों[2] के संबंध में वर्ष 2000 से 2017 के दौरान ऐसे सभी मामलों को समेकित किया गया था। अग्रिम प्राधिकरण और ईपीसीजी योजनाओं के अंतर्गत जारी किये गये 3000 लाइसेंस मामलों सहित 1043 पैरा में, ₹ 4,205 करोड़ के राजस्व निहितार्थ सहित निर्दिष्ट निर्यात उत्तरदायित्व को पूरा नहीं किया जाना पाया गया।

{पैराग्राफ 2.6.6 और 5.2}

अध्याय III: आयात पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी (एडीडी) का उद्ग्रहण

- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन वाणिज्य विभाग में क्रियाशील व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर), (पूर्वनाम एंटी-डंपिंग और संबद्ध ड्यूटी महानिदेशालय) द्वारा भारत में एंटी-डंपिंग उपाय प्रशासित किये जाते हैं और उस की अध्यक्षता "नामित प्राधिकारी" द्वारा की जाती है, इस मामले में महानिदेशक इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। नामित प्राधिकारी का कार्य एंटी-डंपिंग ड्यूटी की जांच करना और एंटी-डंपिंग उपाय लागू करने के लिए सरकार को अनुशंसा करना है। ऐसे शुल्क अंतत: वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग की अधिसूचना द्वारा लागू/उद्ग्रहित किये जाते हैं। इस प्रकार, यद्यपि वाणिज्य विभाग एंटी-डंपिंग ड्यूटी (एडीडी) की अनुशंसा करता है; परंतु वित्त मंत्रालय ऐसे ड्यूटी का उद्ग्रहण करता है।
- वर्ष 2015-16 से 2017-18 के दौरान, आयातों पर ₹ 3,169 करोड़ का एडीडी संग्रहित किया गया था।
- लेखापरीक्षा में पाया गया कि आईसीईएस में सीमा शुल्क जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) आधारित मंजूरी के अंतर्गत प्रणाली के द्वारा एंट्री आयात बिलों को मंजूरी दी गई थी। नमूना जांच में यह भी पाया गया था

[1]आरएलए: वड़ोदरा, अहमदाबाद, राजकोट, बेंगलुरु, पानीपत, अमृतसर, चेन्नई, त्रिची, कोयंबटूर, पुदुचेरी, मदुरै, हैदराबाद, विशाखापट्टनम, कटक, कोलकाता, वाराणसी, मुरादाबाद, देहरादून, कानपुर, मुंबई, सूरत और पुणे।

[2]सीमा शुल्क कमिश्नरी सी एच सिक्का, आईसीडी बेंगलुरु, एसीसी बेंगलुरु, चेन्नई समुद्र और सीमा शुल्क (पी) नौतनवास

कि काफी एंट्री बिलों के अंतर्गत प्रभावित आयातों में, आरएमएस, एडीडी की विशिष्ट परिस्थितियों को जानने में असमर्थ था।

- उद्ग्रहण से बचने की और एंटी-डंपिंग शर्तों की अननुपालना की कई घटनाऐं देखी गई थी जिसके परिणामस्वरूप ₹ 86.69 करोड़ की एंटी-डंपिंग ड्यूटी राशि का गैर/कम उद्ग्रहण किया गया था। विभाग ने ₹ 53 करोड़ की राशि की आपत्तियां स्वीकृत की और ₹ 1.20 करोड़ की वसूली की सूचना दी।

{पैराग्राफ 3.1 से 3.6}

अध्याय IV: सीमा शुल्क अधिनियम, सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम और टैरिफ अधिसूचनाओं के प्रावधानों का अननुपालन

- वर्ष 2017-18 के लिए आयात और निर्यात लेन-देनों के डेटा सीबीआईसी से काफी विलम्ब के बाद प्राप्त हुये थे और वह भी काफी अंतर तथा त्रुटियों के साथ प्राप्त हुआ था। पूर्ण डेटा के अभाव में, अनुपालन लेखापरीक्षा पर इस अध्याय के निष्कर्ष इस क्षेत्र में किये गये सीमित लेखापरीक्षाओं के आधार पर थे। तथापि, नमूना लेखापरीक्षा निष्कर्ष प्रणालीगत त्रुटियों की ओर इंगित करते हैं जिन्हें विभाग द्वारा दूर की जाने की जरूरत है।
- 2017-18 के दौरान, कुल 46.04 लाख बीई तथा 74.68 लाख शिपिंग बिल (एसबी) सृजित किये गये थे जिसमें से लेखापरीक्षा ने 4.04 लाख बीई और 1.62 लाख एसबी के नमूने का चयन किया। सीमा शुल्क कमिश्नरी में आयात/निर्यात दस्तावेजों की नमूना जांच के दौरान पाई गई ₹ 10 लाख या अधिक के राजस्व निहितार्थ की महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा आपत्तियों की सूचना इस रिपोर्ट में दी गई थी। जहां भी संभव हुआ, लेखापरीक्षा ने वर्ष 2017-18 के लिए सीबीआईसी से प्राप्त आयात डेटा का उपयोग करके समान लेन-देनों की कुल संख्या प्राप्त करते हुए राजस्व के संभावित जोखिम को आंकने का प्रयास किया।

  लेखापरीक्षा के दौरान पाये गये अननुपालना के मामलों को वृहद रूप से इस प्रकार से श्रेणीबद्ध किया गया है:

I. सामान्य छूट अधिसूचनाओं का गलत अनुप्रयोग

II. आयातों का गलत वर्गीकरण

III. लागू उद्ग्रहणों और अन्य प्रभारों का गलत उद्ग्रहण

- लेखापरीक्षा में आयातित माल के गलत वर्गीकरण, सामान्य छूट का गलत लागू करना और लागू उद्ग्रहण और अन्य प्रभारों के गलत उद्ग्रहण के कारण लागू सीमा शुल्कों के निर्धारणों के अंतर्गत 49 मामले पाये गये थे जिसके परिणामस्वरूप ₹ 88.42 करोड़ का राजस्व जोखिमपूर्ण था।

{पैराग्राफ 4.1 से 4.11}

अध्याय V: विदेश व्यापार नीति की विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के प्रावधानों का अननुपालन

निर्यात प्रोत्साहन पूंजीगत माल (ईपीसीजी) योजना को पूर्ण करने में खामियां

- लेखापरीक्षा सिफारिशों पर सरकार के आश्वासनों के बावजूद, ईपीसीजी लाइसेंसों के नियंत्रण और निगरानी तंत्र में कोई अधिक सुधार नहीं थे। निर्यात बाध्यता पूरे न किये जाने, ईपीसीजी लाइसेंस को अनियमित रूप से जारी करने, चूककर्ताओं पर कोई कार्रवाई न करने/कार्रवाई विलम्ब से करने, निर्यात बाध्यता का गलत निर्धारण, प्राधिकरण का अनियमित शोधन आदि जैसे मामले चयनित नमूनों में काफी अधिक संख्या में योजना को प्रभावित करते रहे। निर्यातकों/आयातकों जिन्होंने ईपीसीजी योजना के लाभ प्राप्त किये थे परंतु निर्दिष्ट निर्यात बाध्यता/शर्तें पूरी नहीं की थी, से ₹ 306 करोड़ का राजस्व बकाया था।

{पैराग्राफ 5.3 से 5.5}

अन्य निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं

- इसके अतिरिक्त, विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत जारी किये गये लाईसेंसों के 39 मामलों में, नमूना जांच में घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निर्यात बाध्यता के निर्धारण, प्रतिबंधित माल की निकासी में अनियमिततायें पाई गई, जिसके परिणामस्वरूप शुल्क छूट/प्रेषण योजनाओं आदि के लाभ प्राप्त हुये। शुल्क छूट योजनाओं के लाभ प्राप्त करने वाले परंतु निर्दिष्ट बाध्यता/शर्तें पूरी

न करने वाले निर्यातकों/आयातकों से ₹ 40.51 करोड़ का राजस्व बकाया था।

{पैराग्राफ 5.4.1 से 5.4.5}

अध्याय VI: सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (एसईईपीजेड), विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), प्राधिकरण द्वारा प्रमुख निर्माण कार्यों को प्रदान करने में अनियमितताएं

- जिस प्रकार से मुख्य निर्माणकार्य; मरम्मत और अनुरक्षण कार्य के लिए प्राधिकरण द्वारा बाह्य एजेंसियों को आऊट सोर्स किया जा रहा है, वह लेखापरीक्षा द्वारा इंगित कमजोर प्रशासनिक, वित्तीय और आंतरिक नियंत्रणों का द्योतक हैं। इसमें ₹ 67.91 करोड़ का व्यय शामिल है।

{पैराग्राफ 6.2.1}

- अनुमोदन के बिना अतिरिक्त कार्य आदेश जारी करने और सांविधिक प्राधिकरणों से आवश्यक मंजूरियों के अभाव के कारण इकाईयों के निर्धारण के निरस्तीकरण के मामले एसईईपीजैड प्राधिकरण की कार्यप्रणाली की कमी है और उच्चतम स्तर से इन्हें दूर किये जाने की आवश्यकता है।

{पैराग्राफ 6.2.2 से 6.2.4}

सामान्य सिफारिशें

यद्यपि, कई मामलों में शुल्क वसूली के लिए मंत्रालय ने सुधारात्मक कार्रवाई की है, यह भी इंगित किया जा सकता है कि इस रिपोर्ट में लेखापरीक्षा पैराग्राफ केवल कुछ निदर्शी मामले हैं। यह पूरी-पूरी संभावना है कि आरएमएस आधारित निर्धारण या मैन्यूल निर्धारणों में भूल-चूक की ऐसी त्रुटियों के कई और मामले भी हो सकते हैं। जहां भी संभव हुआ, लेखापरीक्षा ने वर्ष 2017-18 के लिए सीबीआईसी से प्राप्त आयात डेटा का प्रयोग करते हुए समान लेन-देनों के समस्त आंकड़ों को प्राप्त करके राजस्व के संभावित जोखिम का आंकलन करने के प्रयास किये हैं। विभाग द्वारा इसकी जांच किये जाने की आवश्यकता है।

यह ध्यान रखना प्रासंगिक है कि नमूना जांच में लेखापरीक्षा द्वारा जांच किये गये बीई की काफी बड़ी संख्या को आरएमएस द्वारा निर्धारित किया गया था जिसने दर्शाया कि प्रणाली आधारित निर्धारणों को सुगम बनाने के लिए आरएमएस में तय किये गये निर्धारण नियम अपर्याप्त थे।

आरएमएस में जोखिम मानदंडों की मैपिंग और अद्यतन की प्रक्रिया की भी समीक्षा किये जाने की आवश्यकता है।

शब्दावली

संक्षिप्ति करण	विस्तारित रूप
एए	अग्रिम प्राधिकरण
एईओ	औसत निर्यात बाध्यता
एआरओ	अग्रिम जारी करने का आदेश
एडीडी	एंटी-डंपिंग ड्यूटी
बीसीडी	मूल सीमा शुल्क
बीई	एंट्री ऑफ बिल
सीटीएच	सीमा शुल्क टैरिफ शीर्षक
सीबीआईसी	केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड
सीबीडीटी	केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
सीईसीए	व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते
सीईटीएच	सेंट्रल एक्साइज टैरिफ हैडिंग
सीएसओ	केंद्रीय सांख्यि की संगठन
सी.आई.एफ	लागत बीमा भाड़ा
कमिश्नरी	सीमा शुल्क कमिश्नरी
सीवीडी	प्रतिकारी शुल्क
डीएमए	आपदा प्रबंधन सलाहकार
डीओआर	राजस्व विभाग
डीओसी	वाणिज्य विभाग
डीजीएफटी	विदेश व्यापार महानिदेशक
डीसी	विकासआयुक्त
डीजीएडी	एंटी डंपिंग महानिदेशक
डीजीसीआईएस	वाणिज्यिक जांच और सांख्यिकी महानिदेशक
डीजीटीआर	व्यापार उपचार महानिदेशालय
डीजीओवी	मूल्यांकन महानिदेशालय
डीटीए	घरेलू टैरिफ क्षेत्र
डीईपीबी	ड्यूटी हकदारी पास बुक
डीईईसी	शुल्क छूट हकदारी प्रमाण पत्र
डीएफआरसी	शुल्क मुक्त प्रतिकृति प्रमाण पत्र
ईडीआई	इलेक्ट्रॉनिक सूचना का आदान प्रदान
ईओ	निर्यात दायित्व
ईओडीसी	निर्यात दायित्व निर्वहन प्रमाण पत्र
ईओयू	निर्यातोन्मुख इकाई

संक्षिप्ति करण	विस्तारित रूप
ईपी	निर्यात निष्पादन
ईपीसीजी	एक्सपोर्टप्र मोशन कैपिटल गुड्स
ईपीज़ेड	निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र
ईएक्सआईएम	निर्यात और आयात
एफवाई	वित्तीय वर्ष
एफओबी	फ्री ऑन बोर्ड
एफओआर	फ्री ऑन रोड़
एफटीपी	विदेश व्यापार नीति
जीडीपी	सकल घरेलू उत्पाद
जीएफआर	सामान्य वित्तीय नियम
जीएसटी	माल और सेवा कर
एचबीपी	क्रिया विधि पुस्तिका
एचएसएन	नामावली की सामंजस्यपूर्ण प्रणाली
आईसीटी	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी
आईसीईजीएटी	इंडियन कस्टमस इलैक्ट्रॉनिक कॉमर्स गेटवे
आईईसी	आयातक निर्यातक कोड
आईसीईएस	भारतीय सीमा शुल्क इलैक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज प्रणाली
आईसीडी	अंतर्देशीय कंटेनर डिपो
आईटीसी (एचएस)	अंतर्राष्ट्रीय टैरिफ वर्गीकरण (हार्मोनाइज्डसिस्टम)
जेडीजीएफटी	विदेश व्यापार के संयुक्त महानिदेशक
एलओपी	अनुमति पत्र
एलआरएम	स्थानीय जोखिम प्रबंधन
एमईआईएस	मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट्स फ्रॉम इंडिया स्कीम
एनएफसीडी	राष्ट्रीय सहकारी निर्माण और विकास महासंघ
ओसी	कब्जा प्रमाण पत्र
ओएसपीसीए	साईट पर पश्च निर्गत लेखापरीक्षा
पीएसी	लोक लेखा समिति
प्री. सीसीए	प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक
पीएसयू	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम
पीडब्ल्यूओ	लोक निर्माण संगठन
आरसीएमसी	पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाण पत्र
आरएलए	क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी
आरएमएस	जोखिम प्रबंधन प्रणाली

संक्षिप्ति करण	विस्तारित रूप
₹	रुपये
एसएडी	विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क
एसईआईएस	भारत से सेवा निर्यात योजना
एसईज़ेड	विशेष आर्थिक क्षेत्र
एसएफआईएस	भारत योजना से सेवा प्राप्त
एसटीपी	सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क
एसआईओएन	मानक इनपुट आउट पुट मानदंड
यूएसी	इकाई अनुमोदन समिति
वीकेजीयूवाई	विशेष कृषि और ग्राम उद्योग योजना

अध्याय ।

सीमा शुल्क राजस्व

1.1. सीमा शुल्क की प्रकृति

1.1.1 भारत में माल के आयात किये जाने और भारत से बाहर कतिपय माल के निर्यात किये जाने पर (संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 1 की एंट्री 83) सीमा शुल्क उद्ग्रहित किया जाता है। सीमा शुल्क प्राप्तियां सरकार के अप्रत्यक्ष कर राजस्व का भाग होती हैं।

1.1.2 सीमा शुल्क की ड्यूटी सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के अंतर्गत उद्ग्रहित की जाती हैं और ड्यूटी की दरें सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम और समय-समय पर जारी की गई अधिसूचनाओं के अंतर्गत नियंत्रित की जाती हैं।

1.2. सीमा शुल्क राजस्व आधार

1.2.1 डीजीएफटी द्वारा आईईसी के साथ जारी किये गये आयातक और निर्यातक सीमा शुल्क राजस्व आधार में शामिल होते हैं। मार्च 2017 तक 2,65,285 सक्रिय आईईसी[3] थे। 2017-18 के दौरान ₹ 19.57 लाख करोड़ मूल्य के निर्यात (74,67,821 लेन-देन) और ₹ 30.01 लाख करोड़ मूल्य के आयात (46,04,315 लेन-देन) किये गये।

1.3. प्रशासनिक विभागों का गठन और कार्य

1.3.1 वित्त मंत्रालय के अधीन राजस्व विभाग (डीओआर), केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के अंतर्गत गठित दो सांविधिक बोर्ड नामत: केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संघीय करों के प्रशासन केलिए उत्तरदायी भारत सरकार का सर्वोच्च विभाग है।

1.3.2 पूरे देश में प्रधान कमिश्नर/कमिश्नर की अध्यक्षता वाली 23 जोनों द्वारा सीबीआईसी द्वारा सीमा शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण तथा सीमा-पार निवारक कार्य किये जाते हैं।

[3]प्रत्येक आयातक/निर्यातक को आईईसी, डीजीएफटी, दिल्ली द्वारा जारी किया जाताहै।

1.3.3 विदेश व्यापार के महानिदेशक (डीजीएफटी) द्वारा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (एमओआईसी) के अधीन वाणिज्य विभाग (डीओसी) विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) जो निर्यात और व्यापार बढ़ाने के लिए अनुपालन की जाने वाली नीति और कार्यनीति को आधारभूत प्रारूप प्रदान करती है, उन्हें प्रतिपादित, कार्यान्वित और मॉनीटर करता है। इसके अतिरिक्त, विभाग को बहुपक्षीय और द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंध, विशिष्ट आर्थिक जोन (सेज़), राज्य व्यापार, निर्यात प्रोत्साहन और व्यापार सरलीकरण और विकास और कतिपय निर्यात उन्मुख उद्योग और सामग्री के विकास औरविनियमन के संबंध में उत्तरदायित्व भी सौंपे गये है।

1.3.4 एफटीपी को निर्यात प्रोत्साहन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आईईसी प्रदान करने और लाइसेंस देने के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों (आरएलए) द्वारा लागू किया जाता है। 2017-18 के दौरान पूरे भारत में 38 आरएलए थे।

1.4. सीमा शुल्क प्राप्तियां

1.4.1 माल और सेवा कर (जीएसटी) के लागू किये जाने से पहले सीमा शुल्क प्राप्तियों में मूलभूत सीमा शुल्क ड्यूटी (बीसीडी), प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) और विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क ड्यूटी (एसएडी) शामिल होते थे। शिक्षा उप कर और एंटी-डंपिंग ड्यूटी और सेफगार्ड ड्यूटी, जहां पर पिछले दोनों लागू थे, सहित आयात पर अन्य उद्ग्रहण शामिल थे।

1.4.2 1 जुलाई 2017 से लागू जीएसटी के उपरांत, पैट्रोलियम उत्पादों और एल्कोहल को छोड़कर सभी वस्तुओं के आयात पर सीवीडी और एसएडी को सम्मिलित कर दिया गया है और इसके स्थान पर एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) कर लागू कर दिया गया है। एकीकृत कर लागू बीसीडी के अतिरिक्त है जिसे सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम के अनुसार उद्ग्रहित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर जीएसटी (राज्यों को क्षतिपूर्ति) उपकर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत कतिपय ऐश्वर्यपूर्ण तथा निषेध माल पर भी उद्ग्राह्य होता है। शिक्षा उपकर सहित एंटी-डंपिंग ड्यूटी और सेफ गार्ड ड्यूटी का उद्ग्रहण भी अपरिवर्तित रहा।

1.5. बजट अनुमान और वास्तविक प्राप्तियां

1.5.1 संघ सरकार का राजस्व बजट सरकार के कर और गैर कर राजस्व का बजट अनुमान प्रदान करता है। बजट अनुमान के साथ वास्तविक प्राप्तियों की तुलना राजकोषीय प्रबंधन की गुणवत्ता का संकेतक है। वास्तविक प्राप्तियां या तो अप्रत्याशित घटनाओं या अवास्तविक अनुमानों के कारण अनुमानों से भिन्न हो सकती हैं।

1.5.2 वि.व. 2013-14 से वि.व. 2017-18 के दौरान बजट अनुमान (बीई), संशोधित अनुमान (आरई) और वास्तविक सीमा शुल्क प्राप्तियां नीचे तालिका 1.1 में दी गई हैं:

तालिका 1.1: बजट और संशोधित अनुमान, वास्तविक प्राप्तियां **₹ करोड़**

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	वास्तविक प्राप्तियां	वास्तविक और बीई में अंतर	वास्तविक और बीई के बीच *प्रतिशत* भिन्नता	वास्तविक और आरई के बीच *प्रतिशत* भिन्नता
वि.व.14	1,87,308	1,75,056	1,72,085	(-)15,223	(-)8.13	(-)1.73
वि.व.15	2,01,819	1,88,713	1,88,016	(-)13,803	(-)6.84	(-)0.37
वि.व.16	2,08,336	2,09,500	2,10,338	(+)2,002	(+)0.96	(+)0.40
वि.व.17	2,30,000	2,17,000	2,25,370	(-)4,630	(-)2.01	(+)3.85
वि.व.18	2,45,000	1,35,242	1,29,030	(-) 1,15,970	(-)47.33	(-) 4.59

स्रोत: संबंधित वर्ष हेतु संघीय बजट और वित्त लेखे

1.5.3 वि.व. 2013-14 से वि.व. 2016-17 के दौरान आरई और वास्तविक प्राप्तियों के बीच भिन्नता (-) 1.73 *प्रतिशत* से 3.85 *प्रतिशत* के बीच थी। उक्त अवधि के दौरान ही बीई और वास्तविक के बीच भिन्नता काफी अधिक थी।

1.5.4 वि.व. 2017-18 के दौरान बीई ₹ 2,45,000 करोड़ तक नियंत्रित था। जीएसटी के लागू करने के बाद, 2017-18 के दौरान सीमा शुल्क प्राप्तियों के लिए संशोधित अनुमान ₹ 1,35,242 करोड़ पर निर्धारित किये गये थे। वसूल किया गया राजस्व ₹ 1,29,030 करोड़ था। वि.व. 2017-18 के दौरान सीमा शुल्क प्राप्तियों में कमी के कारणों में से एक कारण यह माना जा सकता है कि

जीएसटी व्यवस्था में सीवीडी और एसएडी को आईजीएसटी में सम्मिलित किया गया है। इस प्रकार, सीमा शुल्क प्राप्तियां मुख्यत: बीसीडी का भाग हैं।

1.6 सीमा शुल्क प्राप्तियों की वृद्धि

1.6.1 सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), सकल कर राजस्व प्राप्तियां (जीटीआर) और सकल अप्रत्यक्ष कर प्राप्तियों के संदर्भ में सीमा शुल्क प्राप्तियों की परस्पर वृद्धि को तालिका 1.2 में नीचे दर्शाया गया है

तालिका 1.2: सीमा शुल्क प्राप्तियों की वृद्धि **₹ करोड़**

वर्ष	सीमा शुल्क प्राप्तियां	वृद्धि *प्रतिशत* वर्ष दर वर्ष	जीडीपी	जीडीपी के % के रूप में सीमा शुल्क प्राप्ति	सकल कर राजस्व	सकल कर के%के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां	सकल अप्रत्यक्ष कर	अप्रत्यक्ष कर के % के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां
वि.व.14	1,72,085	4	1,13,45,056	1.52	11,38,996	15.10	4,97,349	34.60
वि.व.15	1,88,016	9	1,25,41,208	1.50	12,45,135	15.10	5,46,214	34.42
वि.व.16	2,10,338	12	1,35,76,086	1.55	14,55,891	14.45	7,10,101	29.62
वि.व.17	2,25,370	7	1,51,83,709	1.48	17,15,968	13.13	8,62,151	26.14
वि.व.18	1,29,030	(-)43	1,67,73,145	0.76	19,19,183	6.72	9,16,445	14.07

1.6.2 वि.व. 2013-14 से वि.व. 2015-16 तक पहले तीन वर्षों में वर्ष दर वर्ष आधार पर सीमा शुल्क प्राप्ति वृद्धि दर बढ़ी परंतु विगत वर्ष में 12 *प्रतिशत* की तुलना में 2017-18 में 7 *प्रतिशत* तक घट गई। **वि.व. 2017-18 में सीमा शुल्क प्राप्तियां पूर्ववर्ती वर्षों के साथ तुलना योग्य नहीं है क्योंकि इसमें पूर्व वर्षों की तुलना में, जब सीवीडी और एसएडी सीमा शुल्क प्राप्तियों का भाग थी; 1 जुलाई 2017 से केवल मूल सीमा शुल्क शामिल होता है।**

1.6.3 वि.व. 2013-14 से वि.व. 2016-17 के दौरान, जीडीपी की सीमा शुल्क प्राप्तियों की प्रतिशतता 1.52 से 1.48 *प्रतिशत* के बीच स्थिर रही। जीटीआर की प्रतिशतता के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां वि.व. 2013-14 में 15 *प्रतिशत* की तुलना में वि.व. 2016-17 में 13 *प्रतिशत* थी। कुल अप्रत्यक्ष करों की

प्रतिशतता के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां वि.व 2013-14 में 35 *प्रतिशत* से वि.व. 2017-18 में 26 *प्रतिशत* तक स्थाई रूप से घट गई है।

1.6.4 वि.व. 2017-18 के दौरान, जीडीपी प्रतिशतता के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियों का अनुपात एक *प्रतिशत* (0.76 *प्रतिशत*) से कम थी जबकि सकल कर प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां 6.7 *प्रतिशत* थी। अप्रत्यक्ष कर की प्रतिशतता के रूप में सीमा शुल्क प्राप्तियां 14 *प्रतिशत* थी।

1.7 भारत के आयात और निर्यात

1.7.1 वि.व. 2013-14 से वि.व. 2017-18 के दौरान भारत के आयात और निर्यात की वृद्धि की प्रवृति को तालिका 1.3 में दर्शाया गया है।

तालिका 1.3: भारत के आयात और निर्यात

वर्ष	आयात	विगत वर्ष में वृद्धि % में	निर्यात	विगत वर्ष में वृद्धि % में	व्यापार असंतुलन ₹ करोड़
वि.व.14	27,15,434	-	19,05,011	-	-8,10,423
वि.व.15	27,37,087	0.79	18,96,348	(-) 0.45	-8,40,739
वि.व.16	24,90,298	(-) 9.00	17,16,378	(-) 9.49	-7,73,920
वि.व.17	25,77,422	3.49	18,52,340	7.92	-7,25,082
वि.व.18	30,01,033	16.44	19,56,515	5.62	-10,44,518

स्रोत: एक्सिम डाटा, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

1.7.2 वि.व. 2015-16 के दौरान (-) 9 *प्रतिशत* की नकारात्मक वृद्धि वहन करने के बाद वि.व. 2016-17 और वि.व. 2017-18 के दौरान वर्ष दर वर्ष आयातों की वृद्धि दर बढ़ी। आयात में भी वि.व. 2015-16 में (-) 9.5 *प्रतिशत* से वि.व. 2016-17 में 8 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई। 2016-17 की अपेक्षा 2017-18 में आयात में 16.44 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई जबकि उसी समयावधि के दौरान निर्यात में 5.62 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई।

1.7.3 भारत के आयात का मूल्य वि.व. 2016-17 में ₹ 25.77 लाख करोड़ से बढ़कर वि.व. 2017-18 के दौरान ₹ 30.01 लाख करोड़ तक हो गया, जबकि निर्यात वि.व. 2016-17 में ₹ 18.52 लाख करोड़ से बढ़कर वि.व. 2017-18 में ₹ 19.56 लाख करोड़ तक हो गया था।

1.8 वि.व. 2017-18 के दौरान मुख्य आयात और निर्यात

1.8.1 वि.व. 2017-18 में आयात की वृद्धि मुख्य पांच सामग्री समूह नामत: (i) खनिज ईंधन, खनिज तेल और उनके आसवन के उत्पादों (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 27) (ii) प्राकृतिक या कृत्रिम मोती, महंगे या कम महंगे स्टोन (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 71) (iii) इलैक्ट्रिकल मशीनरी और उपकरण तथा उनके भाग, साउंड रिकॉर्डर और रिप्रोड्यूसर, टेलीविजन इमेज और साऊंड रिकॉर्डर और भाग (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 85) (iv) न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिकी उपकरण, उनके भाग (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 84) और (v) जैविक रसायन (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 29) के कारण थी। ये सामग्रियां वि.व. 18 के दौरान किये गये कुल आयातों का 67 *प्रतिशत* भाग थी।

1.8.2 वि.व. 18 के दौरान मुख्य पांच निर्यात सामग्रियां (i) प्राकृतिक या कृत्रिम मोती और महंगे स्टोन, महंगी धातु और इनके सामान (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 71) (ii) खनिज ईंधन और खनिज तेल (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 27) (iii) मशीनरी और यांत्रिकी उपकरण, उनके भाग (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 84) (iv) रेलवे के अतिरिक्त वाहन और इनके भाग और सहायक भाग (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 87) और (v) जैविक रसायन (सीमा शुल्क टैरिफ का अध्याय 29); इनके संबंधित क्रम में निर्यात किये गये।

वि.व. 18 के दौरान आयातित पांच मुख्य सामग्रियों का भाग किये गये कुल निर्यात का 43 *प्रतिशत* था।

1.9 वि.व. 2013-14 से वि.व. 2017-18 के दौरान सीमा शुल्क प्राप्तियों के संग्रहण की लागत

1.9.1 संग्रहण की लागत सीमा शुल्क के संग्रहण पर की गई लागत है और इसमें आयात/निर्यात व्यापार नियंत्रण कार्यों, निवारक कार्यों, आरक्षित निधि/जमा लेखे के हस्तांतरण और अन्य व्यय शामिल होते हैं।

1.9.2 सीबीआईसी ने सूचित किया कि 2017-18 के लिए सीमा शुल्क प्राप्तियों के संग्रहण की लागत सीमा शुल्क प्राप्तियों का 3.05 *प्रतिशत* था।

2014-15 से 2017-18 की अवधि हेतु सीमा शुल्क प्राप्तियों के संग्रहण की लागत नीचे (तालिका 1.4) में दर्शाया गयी है।

तालिका 1.4: वि.व. 14 से वि.व.18 के दौरान संग्रहण की लागत₹करोड़

वर्ष	राजस्व एवं आयात/निर्यात और व्यापार नियंत्रण कार्य पर व्यय	निवारक और अन्य कार्यों पर व्यय	रिज़र्व फंड, जमा लेखे और अन्य व्यय का हस्तांतरण	कुल	सीमा शुल्क प्राप्तियां	सीमा शुल्क प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में संग्रहण की लागत
वि.व.14	333	1,804	5	2,142	1,72,085	1.25
वि.व.15	382	2,094	20	2,496	1,88,016	1.33
वि.व.16	412	2,351	36	2,799	2,10,338	1.33
वि.व.17	544	2,771	7	3,322	2,25,370	1.47
वि.व.18	640	3262	39	3,941	1,29,030	3.05

स्रोत: संबंधित वर्षों हेतु संघ सरकार के वित्त लेखे

1.9.3 सीमा शुल्क प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में व्यक्त, संग्रहण की लागत 1.25 *प्रतिशत* (वि.व.14) से 3.05 *प्रतिशत* (वि.व.18) के बीच थी।

1.10 सीमा शुल्क का बकाया

1.10.1 बकाया की वसूली का एकमात्र उत्तरदायित्व क्षेत्राधिकारिक कमिश्नर का होता है। उनके द्वारा कमिश्नरियों में कार्य कर रही वसूली कक्ष के कार्यों की समीक्षा और निगरानी किया जाना अपेक्षित है। वित्त मंत्रालय के परिपत्र दिनांक 15.12.1997 के अनुसार, एक "वसूली कक्ष (आरसी)" सरकारी बकाया की वसूली करने के उद्देश्य हेतु प्रत्येक सीमा शुल्क कमिश्नरी में गठित किया जाना चाहिए। मुख्य कमिश्नर {सीसी (टीएआर)} द्वारा प्रत्येक कमिश्नरी के लिए प्रत्येक वर्ष वसूली लक्ष्य निर्धारित किये जाते हैं। अगस्त 2015 से सीसी (टीएआर) के कार्य और उत्तरदायित्व, महानिदेशालय, निष्पादन प्रबंधन (डीजीपीएम) को हस्तांतरित कर दिये गये हैं।

1.10.2 सीमा शुल्क के बकाया वे शुल्क हैं जिन्हें विभाग द्वारा प्राप्त किया गया है परन्तु विभिन्न कारणों जैसे अधिनिर्णयन, विवादास्पद दावे, कम उद्ग्रहण, अनन्तिम निर्धारण आदि के कारण 31 मार्च 2018 तक ₹ 24,685 करोड़ की राशि की वसूली नहीं की गई हैं।

1.10.3 2014-15 से 2017-18 के लिए सीमा शुल्क राजस्व बकाया नीचे तालिका 1.5 में दर्शाये गये हैं:

तालिका 1.5: सीमा शुल्क के बकाया

वर्ष	विवाद के अधीन सीमा शुल्क के बकाया (₹ करोड़ में)	गैर-विवादित सीमा शुल्क के बकाया (₹ करोड़ में)	कुल (₹ करोड़ में)	कुल बकाया के विवादास्पद बकाया की प्रतिशतता
2014-15	14597	6210	20807	70.15
2015-16	12300	12322	24622	49.95
2016-17	21780	4700	26480	82.25
2017-18	18836	5849	24685	76.31

स्रोत: डीजी निष्पादन प्रबंधन (टीएआर), सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवाएं

1.10.4 वि.व. 2014-15 से वि.व. 2016-17 के दौरान सीमा शुल्क ड्यूटी के बकाया लगातार बढ़ रहे हैं। तथापि, वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बकाया लगभग ₹ 2000 करोड़ तक कम हो गये। वि.व. 2014-15 की तुलना में वि.व. 2017-18 में सीमा शुल्क में समग्र बकाया 18.63 *प्रतिशत* तक बढ़ गये हैं।

1.10.5 कुल बकाया का एक भाग के रूप में विवाद के अधीन बकाया राशि वि.व. 2015-16 में 49.95 *प्रतिशत* से बढ़कर वि.व. 2016-17 में 82.25 *प्रतिशत* तक हो गई और वि.व. 2017-18 में 76 *प्रतिशत* तक कम हो गई और ₹ 1,88,386 करोड़ थी। 2014-15 से 2017-18 में गैर-विवादास्पद श्रेणी के अधीन बकाया 5.81 *प्रतिशत* तक कम हो गया।

1.10.6 कुल 23 जोन {11 सीमा शुल्क कमिश्नरी और 12 संयुक्त कमिश्नरी (सीमा शुल्क और जीएसटी)}में से 10 जोन में वि.व. 2017-18 के दौरान लंबित कुल बकाया 81 *प्रतिशत* (₹ 19,897 करोड़) था जैसाकि नीचे तालिका 1.6 में दर्शाया गया है।

तालिका 1.6: 31 मार्च 2018 तक सीमा शुल्क राजस्व का अवधि-वार और जोन-वार बकाया

₹ करोड़

सीसी जोन	विवाद के अधीन राशि				गैर-विवादास्पद राशि				
	5 वर्ष से कम	पांच वर्ष परंतु 10 वर्षों से कम	10 वर्षों से अधिक	कुल (कॉलम 2+3+4)	5 वर्ष से कम	पांच वर्ष परंतु 10 वर्षों से कम	10 वर्षों से अधिक	कुल (कॉलम 6+7+8)	कुल योग (कॉलम 5+9)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अहमदाबाद सी.शु.	2,860	596	214	3,670	278	48	157	483	4,153
चेन्नई सी.शु.	1,793	368	309	2,469	269	181	169	619	3,088
दिल्ली सी.शु	1,271	108	41	1,420	1,283	123	68	1,474	2,895
मुंबई-I सी.शु.	836	151	42	1,028	134	42	35	211	2,133
बैंगलोर सी.शु	1,348	340	91	1,779	54	41	9	104	1,883
मुंबई - II सी.शु	878	101	47	1,026	835	6	0	841	1,868
कोलकाता सी.शु	920	191	26	1,137	379	38	53	469	1,606
मुंबई - III सी.शु	1,808	44	70	1,922	74	103	50	226	1,254
विशाखापट्नम सीई और जीएसटी	758	77	7	842	129	17	29	175	1,017
पुणे सीई और जीएसटी	552	12	2	567	11	0	35	46	613
उपजोड़	13,024	1976	847	15,293	3,435	599	570	4602	19,897
अन्य	2,530	303	158	3,543	496	381	368	1,247	4,788
सकल जोड़	15,554	2279	1005	18,836	3931	980	938	5,849	24,685

स्रोत: महानिदेशक निष्पादन प्रबंधन (टीएआर), सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाएं

1.10.7 अहमदाबाद जोन के मुख्य कमिश्नर सीमा शुल्क के पास वि.व. 2017-18 में सीमा शुल्क का सबसे अधिक बकाया था, उसके बाद चेन्नई और दिल्ली जोन आते है।

1.10.8 बकाया के समय-वार विश्लेषण से पता चला कि कुल ₹5,849 करोड़ के निर्विवाद बकाया में से ₹1,918 करोड़ (33%) की पांच वर्ष से अधिक समय से

वसूली नहीं की गई थी। दस वर्षों से अधिक समय से वसूली हेतु लबिंत ₹938 करोड़ की राशि दर्शाती है कि विभाग निर्विवाद बकाया की वसूली हेतु पूरी सक्रियता से कार्य नहीं कर रहा है।

1.11 आंतरिक लेखापरीक्षा

1.11.1 सीबीआईसी और इसके क्षेत्रीय संगठनों की आंतरिक लेखापरीक्षा में महानिदेशक (डीजी), लेखापरीक्षा द्वारा निष्पादित तकनीकी लेखापरीक्षा और प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक (प्र.सीसीए) द्वारा निष्पादित भुगतानों और लेखाओं की लेखापरीक्षा शामिल है। महानिदेशक (लेखापरीक्षा) की अध्यक्षता में महानिदेशक (लेखापरीक्षा) का मुख्यालय दिल्ली में स्थित है जिसके दायरे में सात जोनल इकाईयां अहमदाबाद, बैंगलोर,चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में है, इनमें प्रत्येक की अध्यक्षता अपर महानिदेशक द्वारा की जाती है। डीजीए की प्रत्येक जोनल इकाई का उनके अंतर्गत आने वाले मुख्य कमिश्नर और कमिश्नरियों की जोनल इकाईयों पर क्षेत्रवार आधिकारिक नियंत्रण होता है।

1.11.2 सीबीआईसी ने सूचना दी कि वर्ष 2017-18 के लिए डीजी (आडिट) ने 19,58,900 इकाईयों की लेखापरीक्षा करने की योजना बनाई थी जिसमें से 5,05,363 (26 प्रतिशत) इकाईयों की ही इस वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा की गई थी। डीजी (आडिट) ने ₹ 564.75 करोड़ के शुल्क के कम/गैर-उदग्रहण का पता लगाया जिसमें से ₹ 53.61 करोड़ की वसूली कर ली गई थी।

1.11.3 सीबीआईसी द्वारा वि.व 18 के दौरान दी गई सूचना के अनुसार प्रधान महालेखा नियंत्रक द्वारा की गई लेखापरीक्षा टिप्पणियों में स्थापना बिंदुओं के अलावा मुख्यत: निम्नलिखित अनियमितताएं शामिल थी:

क) सरकारी विभाग/राज्य सरकार के निकायों/निजी पार्टियों/स्वायत्त निकायों से देयताओं की वसूली न होना; ₹ 2,163 करोड़;

ख) सरकारी धन का अवरोधन; फलदायी व्यय, अनियमित खरीद/व्यय आदि पर ₹ 3,552 करोड़,

सकल मूल्य ₹ 5,715 करोड़[4] के 244 आंतरिक लेखापरीक्षा पैराग्राफ थे जो अंतिम कार्रवाई हेतु लंबित थे और इसलिए प्रधान महालेखा नियंत्रक द्वारा इनका निपटान नहीं किया गया था।

1.12 कर अपवंचन और जब्ती

1.12.1 राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार शुल्क अपवंचन के मामलों की संख्या में वि.व. 14 में 694 से वि.व. 18 में 940 तक वृद्धि हुई जबकि मूल्य में उसी अवधि के दौरान ₹ 3,113 करोड़ से ₹ 3,065 करोड़ तक कमी आई थी **(अनुलग्नक-1) ।**

1.12.2 अपवंचन मामलों में शामिल प्रमुख वस्तुएं यूरिया, रसायन, लौह अयस्क, कन्फेक्शनरी मदें, मादक पेय, धातू स्क्रैप, स्वर्ण तथा स्वर्ण आभूषण, एलईडी टीवी, रेड सेंडर्स, ऑटो पार्ट, सुपारी, पीवीसी रेजिन, तैयार वस्त्र, 4जी एलटीई एंटिना**,** स्मार्ट कार्ड और ब्रांडेड घडियां थी।

[4] प्र.सीसीए डी.ओ. नं. आईए /एनएजेड/एचक्यू/सीएजी/सूचना/2017-18/194 दिनांक 8 अगस्त2018

अध्याय II

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का लेखापरीक्षा अधिदेश और लेखापरीक्षा की सीमा

2.1 प्राप्तियों की लेखापरीक्षा के लिए नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्राधिकार

2.1.1 नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की डीपीसी अधिनियम 1971 की धारा 16, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को भारत सरकार और प्रत्येक राज्य सरकार और विधान सभा वाले प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र की सभी प्राप्तियों (राजस्व एवं पूंजीगत दोनों) की लेखापरीक्षा और स्वयं की संतुष्ट करने कि राजस्व का निर्धारण, संग्रहण और उचित संवितरण पर प्रभावी जांच को सुरक्षित करने के नियम और प्रक्रियाएं बनाई गई है और इनका यथावत पालन किया जा रहा है, के लिए अधिकृत करता है। लेखापरीक्षा एवं लेखा विनियमावली, 2007 में प्राप्ति लेखापरीक्षा हेतु सिद्धांतों को निर्धारित किया गया है।

2.1.2 सीमा शुल्क राजस्व की अनुपालन लेखापरीक्षा में उन संव्यवहारों को शामिल किया जाता है जिसमें सीमा शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण, सीमा शुल्क के कोई अन्य उदग्रहण, विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं के तहत किए गए आयात और निर्यात के संव्यवहार और समय-समय पर लेखापरीक्षा द्वारा समीक्षा किए गए विशेष अनुपालन क्षेत्र शामिल है। इस वर्ष अनुपालन लेखापरीक्षा में एंटी डंपिंग ड्यूटी के उद्ग्रहण और प्रशासन की समीक्षा की गई थी। इस प्रतिवेदन में शामिल संव्यवहार वि.व. 2018 से संबंधित है, परंतु कुछ मामलों में समग्र चित्रण प्राप्त करने के लिए पूर्व अवधि के संव्यवहारों की भी समीक्षा की गई थी। यह प्रतिवेदन वि.व.18 तक की गई लेखापरीक्षा पर आधारित है।

2.2 लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र

2.2.1 नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक सीमा शुल्क के क्षेत्रीय संगठनों के आयातों, निर्यातों, प्रतिदायों से संबंधित संव्यवहार अभिलेखों के नमूनों सहित केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के विभिन्न कार्यशील विंग के जोखिम आधारित नमूनों से चयनित अभिलेखों की जांच करता है। सीएजी

विभागीय कार्यों जैसे बकाया के अधिनिर्णयन एवं वसूली तथा निवारक कार्यों से संबंधित अभिलेखों की भी जांच करता है।

2.2.2 विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत आयातकों/नियातकों द्वारा लिए गए सीमा शुल्क छूट लाभ के संबंध में डीजीएफटी के अधीन आने वाले संबंधित क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों के अभिलेखों की जांच की गई है। इसी प्रकार सीएजी सरकारी स्वामित्व की सेज़ के लेखाओं के प्रमाणीकरण सहित सेज और इओयू के विकास कमिश्नरों की लेखापरीक्षा करता है।

2.3 लेखापरीक्षा संसृति

2.3.1 सीमा शुल्क प्राप्ति लेखापरीक्षा की लेखापरीक्षा संसृति में सीमा शुल्क के क्षेत्रीय संगठन और पोर्ट (ईडीआई संबंधी और गैर-ईडीआई दोनों), डीजीएफटी के अधीन आने वाले क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण और सेज़/ईओयू के विकास कमिश्नर शामिल है।

2.3.2 सीमा शुल्क के क्षेत्रीय संगठनों को 11 सीमा शुल्क जोन और 23 मुख्य कमिश्नरों तथा 67 प्रधान कमिश्नरों/कमिश्नरों वाले 12 संयुक्त (सीमा शुल्क एवं जीएसटी) जोन में बांटा गया है। 1 अप्रैल 2018 तक 498 उप/सहायक कमिश्नर थे जिसमें से 293 निर्धारण और 205 गैर निर्धारण प्रभारों पर कार्य कर रहे थे।

2.3.3 निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं की लेखापरीक्षा के लिए, लेखापरीक्षा संसृति में महानिदेशालय, विदेश व्यापार (डीजीएफटी) शामिल है जो वाणिज्य एवं उद्यम मंत्रालय का संलग्न कार्यालय है और इसकी अध्यक्षता महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा की जाती है। डीजीएफटी भारत के निर्यात प्रोत्साहन के मुख्य उद्देश्य से विदेश व्यापार नीति बनाने और कार्यान्वित करने के लिए उत्तरदायी है। डीजीएफटी निर्यातकों को स्क्रिप/प्राधिकार जारी करता है तथा 38 क्षेत्रीय कार्यालयों के नेटवर्क और इंदौर में एक विस्तार काउंटर के माध्यम से उनके तदनुरूपी दायित्वों की निगरानी करता है।

2.3.4 विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज़) और निर्यात उन्मुख इकाईयों (इओयू) के माध्यम से कार्यान्वित योजनाओं की लेखापरीक्षा सेज/ईओयू के संबंधित विकास

आयुक्त के कार्यालय में की जाती है। सीमा शुल्क लेखापरीक्षा सात सार्वजनिक क्षेत्र की सेज[5] के लेखाओं के वार्षिक प्रमाणीकरण के लिए भी उत्तरदायी है।

2.4 लेखापरीक्षिती के डेटा तक पहुंच

लेखापरीक्षा में यह आश्वासन[6] प्राप्त करने हेतु सीमा शुल्क संव्यवहार डेटा पर विश्वास किया जाता है कि राजस्व की हानि को रोकने के लिए कानूनों को उचित रूप से लागू किया गया है। समस्त भारत के डेटा तक पूर्ण पहुंच की कमी संव्यवहारों की नमूना जांच हेतु लेखापरीक्षा संवीक्षा को सीमित करती है और राजस्व प्राप्तियों के प्रमाणीकरण में आश्वासन को सीमित करती है।

लेखापरीक्षाद्वारा वर्ष 2017-18 के लिए 67 कमिश्नरियों में आयात और निर्यात संव्यवहारों हेतु मांगा गया डेटा सीबीआईसी से काफी विलंब से प्राप्त हुआ था, और वह भी काफी अंतरालों और कमियों के साथ कमियों को फरवरी 2019 में सीबीआईसी के संज्ञान में लाया गया था, जिसके लिए उत्तर अभी प्रतीक्षित है।

पूर्ण डेटा के अभाव में 38 कमिश्नरियों में प्रत्यक्ष दौरा करके लेखापरीक्षा की गई थी।

इस प्रतिवेदन में उल्लिखित मामले वह हैं जो 2017-18 की अवधि के दौरान की गई नमूना लेखापरीक्षा के दौरान सामने आए थे। लेखापरीक्षा में विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा पर आधारित यथा संभव सीमा तक और नमूना जांच निष्कर्षों के आधार पर जोखिम वाले संव्यवहारों की कुल संख्या का मापन किया गया था।

2.5 लेखापरीक्षा नमूना

संव्यवहारों की नमूना जांच 11 चयनित जोनों में 67 कमिश्नरियों में से 38 में (57 प्रतिशत) की गई थी। कमिश्नरियों की लेखापरीक्षा में 142 निर्धारण इकाईयों और 90 गैर-निर्धारण इकाईयों की लेखापरीक्षा शामिल थी।

---

[5]सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (एसईपीजेड), कांडला सेज़, मद्रास सेज़, कोचीन सेज़, विशाखापट्टनम सेज़, नोएडा सेज़ और फालटा सेज़

[6] 'मानदंड के प्रति विषय वस्तु के मूल्यांकन या मापन के परिणाम के बारे में उत्तरदायी पार्टी के अलावा अभीष्ट प्रयोक्ताओं के विश्वास की मात्रा बढाने के लिए तैयार किए गए निष्कर्ष व्यक्त करते हुए'

डीजीएफटी द्वारा इसके क्षेत्रीय लाइसेसिंग प्राधिकरणों द्वारा दी गई एफटीपी की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाइसेंसों की लेखापरीक्षा 38 लाइसेंसिग प्राधिकरणों में से 37 में की गई थी।

तालिका 2.1: लेखापरीक्षा संसृति तथा नमूना

लेखापरीक्ष संसृति			**लेखापरीक्षा नमूना**
	लेखापरीक्षा संसृति	कुल	
राजस्व विभाग	मुख्य कमिश्नरियों के संयुक्त जोन (सीमा शुल्क और जीएसटी)	23[7]	11 (48 %)
	प्रधान कमिश्नर/कमिश्नर	67	38 (57 %)
	निर्धारण इकाईयां	293	142 (48%)
	गैर-निर्धारण इकाईयां	205	90 (44%)
वाणिज्य विभाग	क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण	38	37 (97%)

2.6 लेखापरीक्षा प्रयास

2.6.1 वि.व 2017-18 के दौरान हमने संबंधित कमिश्नरियों/क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों को 479 निरीक्षण रिपोर्टें जारी की थी जिसमें 2715 टिप्पणियां थी और उनका राजस्व प्रभाव ₹ 1,363 करोड़ था।

2.6.2 हम लेखापरीक्षा में देखे गए महत्वपूर्ण और उच्च मूल्य के मामलों को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल करने से पूर्व टिप्पणियों हेतु मंत्रालय को भेजते है। इस प्रतिवेदन में वि.व 18 के दौरान देखी गई ₹ 590 करोड़ के राजस्व प्रभाव वाली 91 लेखापरीक्षा टिप्पणियां शामिल है। शेष मामलों का संबंधित क्षेत्रीय संगठनों द्वारा अनुसरण किया जा रहा है। इसके अलावा, लेखापरीक्षाओं के दौरान लगातार देखे गए निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के लाइसेंस धारकों द्वारा निर्यात दायित्वों को पूरा न करने से संबंधित निरंतर अनियमितताओं पर ₹ 4205 करोड़ धन मूल्य का दीर्घ पैराग्राफ भी इस प्रतिवेदन में शामिल किया गया है।

[7](सीमा शुल्क-11 + संयुक्त (सीमा शुल्क + जीएसटी)-12 जोन)

2.6.3 मंत्रालय ने परिशोधन कार्रवाई की जिस में कारण बताओ नोटिस जारी करने, कारण बताओ नोटिस के अधिनिर्णयन के रूप में 79 पैराग्राफों के संबंध में ₹ 368 करोड़ धन मूल्य शामिल है और सीमा शुल्क के गलत निर्धारण के 42 मामलों में ₹18 करोड़ की वसूली की सूचना दी।

2.6.4 सरकार द्वारा एंटी-डंपिंग शुल्क ऐसे आयातों पर लगाया जाता है जो घरेलू उद्योग के लिए खतरा पैदा करती है और भारतीय बाजार में खुली और उचित प्रतिस्पर्धा की स्थिति पुन: स्थापित करने के लिए लगाया जाता है, जो देश के सामान्य हित में है। हमने एंटी-डंपिंग शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण से संबंधी सीमा शुल्क प्रक्रियाओं की जांच की और ₹ 86.68 करोड़ के राजस्व प्रभाव के निष्कर्षों की सूचना अध्याय III में दी गई है।

2.6.5 अध्याय IV में हमने चयनित कमिश्नरियों में एन्ट्री बिलों और अन्य अभिलेखों की नमूना जांच के दौरान देखे गए महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्रतिवेदित किए है जिनका राजस्व प्रभाव ₹ 88.42 करोड़ है। लेखापरीक्षा निष्कर्ष सामान्यत: आयातों के गलत वर्गीकरण; छूट अधिसूचना के गलत प्रयोग और अधिसूचनाओं की शर्तों के पूर्ण न होने से संबंधित थे।

2.6.6 निरंतर अनियमितताओं, विशेष रूप से निर्यात दायित्व पूरा न होने के मामले, जो व्यापक प्रतीत होते है, का महानिदेशक विदेश व्यापार, नई दिल्ली और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा समाधान किए जाने की आवश्यकता के साथ-साथ लेखापरीक्षा में बताए गए मामलों में बचाए गए शुल्क की वसूली हेतु उचित कार्रवाई करने की भी आवश्यकता है। अध्याय V में हमने निर्यात दायित्व की अपूर्णता के 1043 पैरा की सूचना दी है जिन्हें वर्ष 2000 से लेखापरीक्षा द्वारा नियमित रूप से बताया गया है और जिसके लिए मंत्रालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कई सर्वांगी त्रुटियों सहित निर्यात दायित्व के पूरा न करने के मामले को 2011 की लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या 22 में सूचित मार्च 2011 को समाप्त अवधि हेतु ईपीसीजी योजना की पिछली निष्पादन लेखापरीक्षा में बताया गया था। इस प्रतिवेदन में शामिल सीएजी की सिफारिशों को सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। तथापि, जैसेकि यह प्रतीत होता है कि ईपीसीजी योजना के कार्यान्वयन में त्रुटियां जारी रही, जैसा कि ईपीसीजी लाईसेंसों की संव्यवहार लेखापरीक्षा से स्पष्ट है, अत: ईपीसीजी

योजना की पूर्व निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में सीएजी की सिफारिशों को सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने के बाद योजना के कार्यान्वयन की जांच करने के लिए कुछ चयनित आरएलए कार्यालयों में ईपीसीजी योजना की अनुवर्ती लेखापरीक्षा की गई थी। अनुवर्ती लेखापरीक्षा के निष्कर्षों को अध्याय V में प्रतिवेदित किया गया है।

2.6.7 अध्याय VI में हमने सांताक्रूज इलेक्ट्रोनिक्स एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (एसईईपीजेड), मुम्बई की प्रमाणीकरण लेखापरीक्षा के दौरान देखे गए व्यय की संस्वीकृति में अनियमितताए प्रतिवेदित की हैं।

2.7 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का राजस्व प्रभाव

2.7.1 हमने वि.व 2013-14 से वि.व 2017-18 से संबंधित पांच प्रतिवेदनों में 570 लेखापरीक्षा पैराग्राफ शामिल किए है **(तालिका 2.2)** जिसमें ₹ 9,533 करोड़ शामिल हैं। सरकार ने ₹ 548 करोड़ मूल्य के 454 लेखापरीक्षा पैराग्राफों में की गई टिप्पणियों को स्वीकार कर लिया है और 291 पैराग्राफों में ₹ 92 करोड़ की वसूली की है।

तालिका 2.2: लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का राजस्व प्रभाव

वर्ष	शामिल पैराग्राफ		स्वीकृत पैराग्राफ		प्रभावित वसूलियां	
	सं.	राशि (₹ करोड़)	सं.	राशि (₹ करोड़)	सं.	राशि (₹ करोड़)
वि.व14	154	2,428	137	46	78	17
वि.व 15	122	1,162	91	85	67	23
वि.व 16	103	1,063	70	19	54	15
वि.व 17	99	85	77	30	50	19
वि.व 18	**92**	**4,795**	**79**	**368**	**42**	**18**
कुल	**570**	**9533**	**454**	**548**	**291**	**92**

अध्याय III

आयातों पर एंटी डंपिंग शुल्क (एडीडी) के उद्ग्रहण पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा

3.1 प्रस्तावना:

3.1.1 जब किसी देश के निर्यातक या उत्पादक द्वारा किसी वस्तु को इसके सामान्य मूल्य से कम पर भारत में निर्यात किया जाता है तब भारत में ऐसी वस्तु के आयात पर केंद्र सरकार सीमा शुल्क टैरिफ (डम्प की गई वस्तुओं और क्षति के अवधारण पर एंटी-डंपिंग शुल्क की पहचान, निर्धारण और संग्रहण) नियमावली, 1995 के साथ पठित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9ए के अधिकार द्वारा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी अधिसूचना द्वारा एंटी-डंपिंग शुल्क लगा सकती है जो इसकी निर्यात कीमत और इसके सामान्य मूल्य के बीच अंतर से अधिक न हो। व्यापार के सामान्य क्रम में सामान्य मूल्य का तात्पर्य समान वस्तुओं हेतु तुलनात्मक कीमत से है जब इसका उपभोग निर्यातक देश में किया जाता है जैसाकि सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की उपर्युक्त धारा 9ए की उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्धारित है। इन दो कीमतों के अंतर को "डंपिंग का मार्जिन" भी कहा जाता है।

3.1.2 सामान्यत: अधिसूचना पांच वर्षों की अवधि हेतु प्रभावी होती है (जब तक रद्द,हटाई या संशोधित न की जाए)।

3.1.3 भारत में एंटी डंपिंग उपायों को वाणिज्य एवं उद्यम मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में कार्यशील महानिदेशालय, व्यापार उपाय (डीजीटीआर), (पूर्व में महानिदेशालय,एंटी डंपिंग और संबंधित शुल्क) द्वारा शासित किया जाता है और उक्त की अध्यक्षता "नामित प्राधिकारी", इस मामलें में महानिदेशक द्वारा की जाती है। नामित प्राधिकारी का कार्य एंटी डंपिंग शुल्क जांच करना और एंटी-डंपिंग उपायों हेतु सरकार को सिफारिश करना है। इस प्रकार के शुल्क अंतत: वित मंत्रालय,राजस्व विभाग की अधिसूचना के द्वारा ही लगाए/उद्ग्रहीत किए जाते है। इस प्रकार, वाणिज्य विभाग एंटी-डंपिंग शुल्क (एडीडी) की सिफारिश करता है जबकि वित्त मंत्रालय ऐसे शुल्क उद्ग्रहीत करता है।

3.1.4 तद्नुसार, केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर यथावत जांच के बाद,नामित प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित अंतिम निष्कर्षों के आधार पर एडीडी

लगाया जाता है। भारत में, 1992-2017[8] के दौरान 377 उत्पादों की एडीडी जांच की गई।

3.1.5 दूसरी तरफ, चीन, यूरोपियन संघ जैसे देशों द्वारा लगाए गए एंटी डंपिंग शुल्क से भारत प्रभावित हुआ और 1995-2017 के दौरान 130 उत्पाद एंटी डंपिंग उद्ग्रहणों के अधीन है। वर्ष 2015-16 से 2017-18 की अवधि के दौरान आयातों पर ₹3169 करोड़[9] का एडीडी संग्रहीत किया गया था।

3.2 2015-16 से 2017-18 के दौरान एडीडी अधिसूचनाओं के तहत शामिल प्रमुख उत्पाद श्रेणियां

3.2.1 31 मार्च 2018 तक 484 एंटी-डंपिंग अधिसूचनाएं लागू थी जिसमें 205 उत्पादों को शामिल किया गया था। इन उत्पादों को मुख्यत: निम्नलिखित उत्पाद श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता था;

तालिका 3.1: उत्पाद समूहवार एंटी डंपिंग अधिसूचना

उत्पाद समुह	जारी अधिसूचना की संख्या	शामिल वस्तुओं की संख्या
अकार्बनिक रसायन	214	88
प्लास्टिक, रबड़ और इसके उत्पाद	63	22
कपड़ा और कपडे से बनी वस्तुए	48	16
यांत्रिक उपकरण और इलेक्ट्रिकल मशीनरी और उपस्कर	48	20
लौह स्टील, एल्युमिनियम और उससे बनी वस्तुए	32	17
पत्थरों से बनी वस्तुए, सिरेमिक उत्पाद, कांच और कांच के बर्तन	26	11
फार्मास्यूटिकलस, उर्वरक और विविध रसायन उत्पाद	14	11
अन्य[10]	39	18
कुल	484	205

3.2.2 कुछ वस्तुएं जिनका आयात एडीडी लगाने के बावजूद तीन वर्ष की अवधि में बढ़ा है, कार्बन ब्लैक,सोडा ऐश, एसीटोन, पीवीसी रोल और चिपकने

[8]पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडी, सीसीआई) सर्वेक्षण "भारत में उद्योग पर एंटी-डंपिंग शुल्क का प्रभाव" विषय पर आयोजित किया।

[9]स्रोत: वित्त लेखें

[10]खनिज उत्पाद, बिटुमिन सपदार्थ, वाहन और उसके सामान, ऑप्टिकल, फोटोग्राफिक, मापन उपकरण, लकड़ी और लकड़ी की बनी वस्तुए, कागज और पेपर बोर्ड और उसकी वस्तुए, खाद्य उद्योग, फशस्किन और कृत्रिम फर, जूते और इस तरह की वस्तुए; ऐसी वस्तुओं के भाग और प्रोजेक्ट आयात

वाली फिल्म, विस्कोस फिलामेंट यार्न, कोल्ड रोल्ड स्टेनलेस स्टील उत्पाद और इजेक्शन मोल्डिंग मशीनरी सहित प्लास्टिक मशीनरी है **(अनुलग्नक-2)**।

3.3 लेखापरीक्षा उद्देश्य

सीमा शुल्क में एंटी-डंपिंग शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण की विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा एडीडी अधिसूचनाओं के दुरूपयोग के प्रति सुरक्षा हेतु एंटी डंपिंग शुल्क एवं आंतरिक नियंत्रण तथा निगरानी तंत्र सहित एंटी डंपिंग अधिसूचनाओं, अधिनियम नियमावली, विनियमों के अंतर्गत एंटी डंपिंग अधिसूचनाओं संबंधित प्रावधानों की शर्तों की विभाग द्वारा अनुपालना का मूल्यांकन करने के लिए की गई थी।

3.4 लेखापरीक्षा कार्य प्रणाली

3.4.1 वि.व 2017 के दौरान 12 अध्यायों[11] के अंतर्गत किए गए आयात कुल आयातों का 26.87 प्रतिशत है जिन पर एडीडी उद्ग्रहीत किया गया था। 12 अध्याय के अंतर्गत एडीडी लगाई गई प्रमुख वस्तुओं के आयात की सांख्यिकी दर्शाती है कि इन वस्तुओं के कुल आयातों में वि.व 16 से वि.व 18 तक तीन वर्षों के दौरान ₹ 19.68 लाख करोड़ से ₹ 22.61 लाख करोड़, अर्थात 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

लेखापरीक्षा में सीमा शुल्क टैरिफ के इन 12 अध्यायों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो एडीडी का मुख्य हिस्सा है।

लेखापरीक्षा में सीबीआईसी से उन आयातों के समस्त भारत के संव्यवहार डेटा मांगे गए थे जिन पर 2015-16 से 2017-18 तक तीन वर्षों हेतु एडीडी उद्ग्रहीत किया गया था हालांकि, सीबीआईसी द्वारा काफी विलंब के बाद डेटा उपलब्ध कराया गया था।

[11]अध्याय28- अकार्बनिक रसायन, 29 (ऑर्गेनिक केमिकल्स), 38 (विविध रासायनिक उत्पाद), 39 (प्लास्टिक और उससे बनी वस्तुएं), 44 (लकड़ी और लकड़ी की वस्तुएं, लकड़ी चारकोल), 54 (मानव निर्मित फिलामेंट और वस्त्र सामग्री), 69 (सिरेमिक उत्पाद), 70 (ग्लास और ग्लास वेयर), 72 (आयरन और स्टील-प्राथमिक सामग्री उत्पाद), 73 (आयरन या स्टील की वस्तुएं), 84 (मशीनरी और यांत्रिक उपकरण) और 87 (वाहन और उसके सामान)।

